# हत्यारों को फांसी की मांग

## गौमांस पकड़ाए जाने के मामले में निगम में जमकर हंगामा

### 12 कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई




**भोपाल, 13 जनवरी. भोपाल के एक स्लाटर हाउस में गौवंश के कथित वध और ट्रक से 26 टन मांस पकड़ाए जाने के मामले में मंगलवार को नगर निगम के सम्मेलन में जमकर हंगामा हुआ और विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्य अध्यक्ष के आसन के समक्ष पहुंचकर धरने पर भी बैठ गए. कांग्रेस सदस्यों ने वॉकआउट भी किया.**

आक्रोशित सदस्यों ने महापौर मालती राय और कुछ लोगों को निशाने पर लेकर जमकर नारेबाजी की और उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर डाली. सदस्यों का कहना था कि जब स्लाटर हाउस को निगम ने विधिवत तरीके से अनुमति नहीं दी, तो महापौर, एमआईसी सदस्य आर के बघेलऔर कुछ लोगों ने कैसे इसे अनुमति देकर प्रारंभ करा दिया. भाजपा पार्षद देवेंद्र भार्गव ने भी विपक्षी सदस्यों के सुर में सुर मिलाए और कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुयी, तो वे त्यागपत्र भी दे देंगे. अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने पार्षद के त्यागपत्र की पेशक श अस्वीकार करते हुए निगम प्रशासन को निर्देश दिए कि 11 संबंधित कर्मचारियों को निलंबित किया जाए. इसके साथ ही जानकारी दी गई कि स्लाटर हाउस के पशु चिकित्सा अधिकारी बेनीप्रसाद गौर को भी निलंबित कर दिया गया है. बैठक की शुरुआत के साथ ही शुरु हुआ हंगामा काफी देर तक चला.

इस दौरान सदन नारों के शोरगुल में भी काफी देर तक डूबा रहा. कर्मचारियों पर कार्रवाई के बाद भी विपक्ष के सदस्य पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आए और उन्होंने वॉकआउट कर दिया. सम्मेलन की शुरूआत में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने गौवंश हत्या में दोषियों और स्लाटर हाउस के टेंडर को मंजूरी में शामिल पर निलंबन की कार्रवाई की मांग की.

इसके बाद सदन में एजेंडे में शामिल विषयों पर कार्यवाही को पूरा किया. धरने के दौरान सदस्यों ने गौवंश के हत्यारों को फांसी दिलाने की मांग की. वहीं एजेंडे के तहत विवाह पंजीयन शुल्क के विलंब शुल्क में राहत, निजी कालोनियों को पेयजल प्रदाय के बल्क कनेक्शन में सभी उपभोक्ताओं को स्थाई कनेक्शन देना और जलप्रदाय सीवेज और वाटर रेज्युवनेशन के लिए अंशदान की राशि संबंधी ग्रीन म्यूनिसिपल बॉन्ड के प्रस्ताव को मंजूर किया गया.

### स्लाटर हाउस के डॉ. बेनी प्रसाद निलंबित

शहर में स्थित स्लाटर हाउस में पदस्थ नगर निगम के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ बेनी प्रसाद को संभागायुक्त ने निलंबित कर दिया. निलंबन की कार्रवाई स्लाटर हाउस में पशु का गलत प्रमाणपत्र जारी करने के कारण की गई। शहर में 17 दिसंबर 2025 को रात्रि में एक कंटेनर पकड़ा गया था जिसमें मांस भरा था. पुलिस की निगरानी में पशुचिकित्सालय में सेंपल लिए गए थे, जो जांच में गौमांस के निकले. इसी मामले में डॉ को निलंबित किया गया है.

### शहर में गौकशी बंद हो : अध्यक्ष

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा जो आरोपी अभी गौ की हत्या और तस्करी के मामले में जेल में बंद हैं, उन पर पहले भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं. ऐसे लोगों को नगर निगम द्वारा हमेशा के लिए प्रतिबंधित किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि गौकशी में हिंदू संगठनों और बंजरंग दल ने मामला पंजीबद्ध कराया है, नगर निगम ने क्यों नहीं कराया. नगर निगम प्रशासन को भी मामला पंजीबद्ध कराना चाहिए. शहर में गौकशी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि स्लाटर हाउस को स्थाई तौर पर बंद किया जाना चाहिए. राजधानी को मांस की मंडी नहीं बनने दिया जाएगा.

### एमआईसी मेंबर ने दी अनुमति : शबिस्ता जकी

इस पूरे मामले में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने सदन में कहा कि जब नगर निगम द्वारा हाईकोर्ट में स्लाटर पर रोक लगाने की याचिका पहले से लगी हुई थी तो फिर उसे वापस लेने के लिए उदित गर्ग ने याचिका वापस ली. स्लाटर हाउस को रोकने की नोटशीट किसने लिखी और उसे क्यों वापस लिया गया.

### मेयर इन कॉउंसिल पर कार्यवाही हो : प्रवीण सक्सेना

सदन में गहमा गहमी के बीच दिये जा रहे धरने के दौरान कांग्रेस के पार्षद प्रवीण सक्सेना ने मेयर इन काउंसिल पर भी कार्यवाही की मांग की. उनका कहना था कि परिषद के बाहर महापौर और एमआईसी के द्वारा इस टेंडर को मंजूरी क्यों दी गई.


### विपक्ष नहीं चाहता शहर में विकास हो : महापौर

भोजनावकाश के बाद सदन की शुरूआत होने के बाद विपक्ष ने वाकआउट कर दिया था. इसके बाद सभी प्रस्ताव जलप्रदाय, सीवेज विवाह पंजीयन और वाटर रेज्युवनेशन के लिए अंशदान की राशि ग्रीन म्यूनिसिपल बॉन्ड के प्रस्ताव को मंजूरी दी. अंत में महापौर ने कहा कि विपक्ष हमेशा से शहर के विकास वाले एजेंडे पर चर्चा करना नहीं चाहता है. जब भी शहर के विकास की बात आती है तो विपक्ष नारेबाजी करने लगता है या फिर वाकआउट कर देता है.

# 15 जनवरी के बाद फिर बढ़ सकती है ठंड

### मौसम में थोड़ी नरमी, सर्दी में मिली राहत

### 18 जनवरी के आसपास तापमान में गिरावट होने की संभावना



**भोपाल, 13 जनवरी. पिछले एक सप्ताह की कड़ाके की सर्दी के बाद मौसम में थोड़ी नरमी देखने को मिली है, लेकिन रात में ठंडक अभी भी बनी हुई है.**

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दो दिन मौसम इसी तरह सामान्य रहने की संभावना है. हालांकि, 15 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर भारत में बर्फबारी, कोहरा और बारिश की संभावना है, जिससे प्रदेश में हल्के बादल छा सकते हैं और नमी बढ़ सकती है. विशेषज्ञों के अनुसार, 17-18 जनवरी के आसपास तापमान में गिरावट होने की संभावना है, जिससे सर्दी फिर बढ़ सकती है. इस समय प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है. पिछले तीन-चार दिनों से तापमान में स्थिरता देखी गई है.

बीते दिन अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री और न्यूनतम 9 डिग्री दर्ज किया गया. न्यूनतम तापमान में रविवार की तुलना में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई है, जबकि अधिकतम तापमान यथावत रहा. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी भी जिले में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ और सभी जिले सामान्य रहे. पश्चिमी विक्षोभ हिमाचल प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में 3.1 किलोमीटर की ऊँचाई पर सक्रिय है.

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**भोपाल.** हबीबगंज थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से चोरी के 10 दो पहिया वाहन जब्त किया गया है. शातिर चोर हबीबगंज, टीटी नगर, बागसेविया, विदिशा और सागर जिले में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है. कई शिकायतकर्ताओं ने वाहन चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी. मामलों को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरे की फुटेज निकलवाई. इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक की पहचान की. आरोपी बिट्टन मार्केट के आसपास दुकानदारों से मोटर साईकल बेंचने की बात करता मिला.

# भर्ती में घोषित पद बढ़ाए सरकार

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 जनवरी. शिक्षक भर्ती में पदों की बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा है.**

बीते मंगलवार ही प्रदेश भर से आये हजारों छात्रों ने डीपीआई का घेराव कर प्रदर्शन किया था. हफ्ते भर बाद ही मंगलवार को छात्र प्रतिनिधियों ने राजधानी में शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर इस विषय में सीधे ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधियों ने कहा कि अभी तक वर्ग 2 और वर्ग 3 शिक्षक भर्ती में घोषित पद जरूरत से कम हैं. बातचीत में छात्रों ने पद वृद्धि की मांग दोहराई है. छात्र प्रतिनिधियों ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने मुलाकात के दौरान मामले को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया गया. उन्होंने अधिकारियों को भर्ती संबंधी डाटा की जांच और सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं. मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि यदि आंकड़े सही मिलते हैं तो पद बढ़ाने की संभावना पर विचार किया जाएगा और बजट में भी वृद्धि की कोशिश की जाएगी. वहीं प्रतिनिधियों के अनुसार मंत्री ने भरोसा दिया कि जांच पूरी होने के बाद विभाग छात्रों को जानकारी देगा.

छात्रों का कहना है कि फिलहाल आश्वासन मिलना सकारात्मक कदम है, लेकिन यह अंतिम जीत नहीं है। यदि तय समय में कोई कार्यवाही नही होती है तो आंदोलन और बड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिनिधियों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भी मुलाकात की। वहां भी छात्रों को समर्थन और विचार करने का आश्वासन दिया गया है। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा है कि जब तक छात्रों के लिये साकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता.

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल.** शाहजहाँनाबाद थाना पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के पास से 85 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीबन 4 लाख रुपए है. पुलिस को सूचना मिली कि ईदगाह क्षेत्र में आरोपी डेनी मकवाना, निवासी मजदूर नगर के घर में प्लास्टिक की बोरियो में देशी मदिरा रखी गई है. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया.

# फिल्मी स्टाइल में अपहरण कर मारपीट

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जनवरी. फिल्मी स्टाइल में एक युवक का अपहरण कर मारपीट करने वाले आरोपियों को गुनगा थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है.**

ढ़ाबे पर खाने के दौरान युवक से मामूली विवाद पर चार आरोपियों ने गुंडागर्दी कर रौब झाड़ा और उसे आटो में बैठाकर अपने साथ जबरदस्ती ले गए. आरोपियों के चंगुल से आजाद होने के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी सुरेन्द्र सेन (24) निवासी बरखेड़ा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. सुरेन्द्र ने बताया कि सोमवार देर रात को जब वह एक ढाबे पर खाना खाने के लिए पहुंचे थे. इस दौरान वहां मौजूद आरोपियों अभिषेक, रोहित मालवीय, रोहित उर्फ रिक्की और हेमन्त यादव ने विवाद करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी थी.

# अनारक्षित टिकट पर 3% डिजिटल लाभ

### 14 जनवरी से 14 जुलाई तक उपलब्ध होगी सुविधा

**भोपाल, 13 जनवरी. भारतीय रेलवे ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और यात्रियों को सीधे आर्थिक लाभ देने के लिए रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत बोनस छूट की सुविधा लागू करने की घोषणा की है.**

यह सुविधा 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक प्रायोगिक आधार पर उपलब्ध होगी. पहले यह लाभ केवल आर-वॉलेट के माध्यम से भुगतान करने पर ही मिलता था, लेकिन अब सभी स्वीकृत




डिजिटल भुगतान माध्यमों जैसे यूपीआई, डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि पर भी मिलेगा. इससे यात्रियों को अनारक्षित टिकट बुकिंग में प्रत्यक्ष बचत होगी. यात्रियों को इस सुविधा की जानकारी देने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. यह पहल कैशलेस लेन-देन को प्रोत्साहित करने के साथ डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगी.

### 102 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग राजस्व किया अर्जित

**भोपाल.** महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में दिसम्बर माह में पूरे पश्चिम मध्य रेल ने 572 करोड़ 57 लाख रुपए का माल यातायात से ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने के 489 करोड़ 01 लाख रुपए की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है. रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 532 करोड़ 05 लाख रुपए से यह लगभग 8 प्रतिशत अधिक है. भोपाल मंडल ने इसी दौरान 102 करोड़ 05 लाख रुपए का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया. माल यातायात बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं. मालगाड़ियों की औसत गति बढ़ाकर खंड की क्षमता और इंफ्रास्ट्रक्चर का सुधार किया गया है. गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल और साइडिंग का विस्तार, मालगाड़ियों के डिटेंशन में कमी, टर्मिनल वर्किंग में सुधार और माल गोदामों में चौबीस घंटे लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधा लागू की गई है.

विशेष रूप से दैनिक यात्री और उपनगरीय क्षेत्र के लोग इस सुविधा से लाभान्वित होंगे. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवन ऐप प्ले स्टोर से डाउनलोड कर, रेल कनेक्ट या यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोगकर्ता अपनी पहचान से लॉग इन कर सकते हैं. ऐप पर अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन-स्टेशन जानकारी और शिकायत निवारण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं.

### गौकशी का विरोध ▶ मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जनवरी. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निगम के स्लॉटर हाउस की गाड़ी में गोमांस मिलने की घटना का विरोध फिर विरोध किया. मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने पहुंचे कार्यकर्ताओं को पुलिस बल ने रोका.**




मौके पर मौजूद अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है. बजरंग दल के प्रांत मंत्री राकेश प्रजापति ने इस मौके पर मांग करते हुए कहा कि स्लाटर हाउस के ठेकेदार असलम चमड़ा और मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे. उन्होंने कहा कि गोवंश बध अब प्रदेश की धरती पर नहीं होगा. इसके लिए सरकार और प्रशासन को जगाने का प्रयास हिन्दु संगठन के लोग कर रहे हैं. इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि गौ मांस तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार और प्रशासन से लगातार अपील की जा रही है. इस तरह की घटनाएं शहर और प्रदेश में न हो इसको लेकर उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है.




- बैंक द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के साथ वीडियो पर तत्काल बातचीत के माध्यम से बैंक खाता खोलें या केवाईसी अपडेट करें।
- वीडियो केवाईसी के माध्यम से बैंक ग्राहक की पहचान का सत्यापन करता है।
- आवश्यक दस्तावेज़: सीकेवाईसी पहचान संख्या **या** आधार **या** डिजिलॉकर में उपलब्ध पहचान दस्तावेज़ और पैन।
- वीडियो केवाईसी की सुविधा बैंक के निर्धारित समय के अनुसार उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/VKYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in